प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / परिषद / 2023 / 6199 **लखनऊःदिनांक–** 14-12-2023

विषयः–वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2023–24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से संबंधित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्रों को छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन से वितरण हेतु डाटा परिषद से अग्रसारित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 द्वारा छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2023–24 हेतु संस्थाओं को दिशा–निर्देश एवं समय–सारिणी जारी की जा चुकी है।

परिषद से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाओं के प्रधानाचार्य / निदेशक को निर्देशित किया जाता है कि वह समाज कल्याण द्वारा जारी समय–सारिणी के अनुसार छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति 2023–24 की समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत संपादित कराना सुनिश्चित करें।

समस्त प्रधानाचार्यो / निदेशकों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि संस्था के नोडल अधिकारी द्वारा पोर्टल पर फीड किये गये विवरण यथा–संस्था का नाम, पाठ्यक्रम का नाम, अनुमोदित सीटों की संख्या एवं निर्धारित शुल्क इत्यादि की पुष्टि भी स्वयं के स्तर से भी करना सुनिश्चित करें।

यह भी अवगत कराना है कि परिषद द्वारा छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति 2023–24 हेतु संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर डिजिटल लॉक किये गये ऑनलाइन आवेदनों को अग्रसारित किया जाना है। इस हेतु समस्त संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि यू0राईज पोर्टल पर एस0यू0 लॉगिन के माध्यम से त्रुटिरहित प्रविष्टि कर संबंधित सत्यापित अभिलेख अपलोड करते हुए यू0राईज पोर्टल पर किये गये आवेदन के प्रिन्ट आउट सहित समस्त सत्यापित अभिलेख **दिनांक 19–12–2023** तक जमा कराना अनिवार्य होगा।

उपरोक्त कार्य में कोई भी शिथिलता न बरती जाए। यदि कोई भी पात्र छात्र / छात्रा छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति में वंचित रह जाता है तो इसका पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य / निदेशक / प्रबंधन का होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
a/c सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / परिषद / 2023 / 6200-6204 **तददिनांक–** 14-12-2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।
5. नोडल अधिकारी, यू0राईज पोर्टल।

(अजीत कुमार मिश्र)
a/c सचिव

F:\samaj kalyan scholarship 14.12.23.docx